आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.01.2025

पहले मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी योजनाओं के शत—प्रतिशत कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। इसे वास्तविक सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का आधार बताया।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नाबार्ड परियोजनाओं के तहत ऋण वितरण की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताई।
- देहरादून में रोड़ कटिंग के कामों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

साक्षात्कार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी सरकारी योजनाओं का शत—प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। श्री मोदी ने यह विचार प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ को दिए एक साक्षात्कार में व्यक्त किये। श्री मोदी ने सोशल मीडिया, यूपीआई और तकनीक के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र और इसके सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है।
वर्तमान चुनौतियों के बारे में पूछे गये सवाल का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व, भारत पर इसलिये भरोसा करता है कि उसका दृष्टिकोण निष्पक्ष है। श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक संकट के दौरान भारत ने बार—बार यह कहा है कि वह शांति के पक्ष में ळें

नाराज़गी

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नाबार्ड परियोजनाओं के तहत ऋण वितरण की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि ऋण वितरण और अदायगी के लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए।

देहरादून में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने नाबार्ड को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया में हो रही देरी पर चिंता जताई और इसे सरल और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने धीमी गति से चल रही परियोजनाओं पर तेजी से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

समीक्षा

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर वित्तीय वर्ष 2025–26 के राजस्व लक्ष्य निर्धारण और वर्तमान वर्ष की शेष राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को समय पर राजस्व लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने विशेष रूप से पिछड़ रहे विभागों को आंतरिक समीक्षा कर सुधार करने को कहा। उन्होंने वन विभाग को अन्य राज्यों से अध्ययन कर राजस्व वृद्धि के संभावित उपाय खोजने की सलाह दी। साथ ही, आईटीडीए को एक समेकित आईटी समाधान विकसित करने का निर्देश दिया गया ताकि अगले वित्तीय वर्ष से इसे लागू किया जा सके। इस दौरान सभी विभागों को अपने बजट प्रस्तावों पर तेजी से काम कर समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

समापन समारोह संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि प्रवासी भारतीय वैश्विक समुदाय के सामने भारत की सही तस्वीर पेश करते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु भुवनेश्वर में जनता मैदान में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने चिकित्सा और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए भारतीय प्रवासियों के प्रतिष्ठित सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।

विशेष सम्मान

उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली लोगों को गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया जाएगा। 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली 76वीं गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से चुनिंदा प्रतिभावान लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और सरकारी योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपनी पहचान बनाई है।

गौरतलब है कि देशभर से विशेष अतिथियों को गणतंत्र दिवस पर परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान उनके अद्वितीय प्रदर्शन और समाज, क्षेत्र, राज्य और देश को गौरवान्वित करने के लिए दिया जा रहा है।

## प्रशिक्षण

चमोली जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित बैंक सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने गोपेश्वर नगर पालिका सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी नौ विकासखंडों के एन०आर०एल०एम समूह सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

## कार्रवाई

देहरादून में रोड़ कटिंग के कामों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी संविन बंसल ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क काटन के लिये रात में कार्य की अनुमति के बावजूद दिन में निर्माण कार्य करने की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे जनता को असुविधा और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित प्रतिक्रिया दल– क्यूआरटी का गठन किया है। इस दल में एसडीएम, अधीक्षण अभियंता और पुलिस अधिकारी शामिल किए गए हैं। यह टीम सड़क से जुड़े कार्यों की निगरानी करेगी और नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी।

## मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के अनेक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी के आसार हैं। विभाग ने अनुमान जताया है कि राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं–कहीं बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं गरज के साथ ओलावृष्टि होने का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहने का अनुमान है। इस बीच, देहरादून जिला प्रशासन ने बारिश और बर्फबारी और ठंड में बढोतरी की संभावना के मद्देनज़र आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले में सभी स्कूल और आगनबाड़ी केंद्र पूर्वाह्न साढे आठ बजे के बाद ही खोले जांएगे। यह आदेश 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

रेल संचालन

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुम्भ महापर्व के लिए रेलवे की ओर से नैनीताल जिले के काठगोदाम से झूंसी रेलवे स्टेशन तक कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी और फरवरी में यह ट्रेन काठगोदाम से झूंसी तक 5 फेरे लेगी। ये रेल काठगोदाम रेलवे स्टेशन से अपराह्न 1 बजकर 50 मिनट पर रवाना होकर लालकुआँ, पीलीभीत, गोरखपुर, वाराणसी होते हुए अगले दिन अपराह्न 1 बजे झूंसी पहुंचेगी। वहीं झूंसी रेलवे स्टेशन से यह रेलगाड़ी अपराह्न 3 बजे वापसी करेगी और अगले दिन अपराह्न 1 बजकर 55 मिनट पर काठगोदाम पहुंचेगी।

इस रेलगाड़ी में सामान्य शयनयान श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 16 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे।

बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा हॉल

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कल पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, लेलू परिसर में बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा हॉल का लोकार्पण किया। श्रीमती आर्या ने बॉक्सिंग आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए यहाँ पर सड़क का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग इवेंट का आयोजन होना है, जिससे क्षेत्र की नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देगा।

वाहन जब्त

नैनीताल जिले में परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों ने जिले के विभिन्न मोटर मार्गों पर जांच अभियान चलाकर 67 वाहनों के चालान कर 9 व्यावसायिक वाहनों को जब्त किया। प्रवर्तन दल ने हल्द्वानी–नैनीताल और हल्द्वानी–कालाढूंगी मोटर मार्गों पर यह कार्यवाही की है। जांच दल में शामिल अधिकारियों ने बताया कि दल ने चार पहिया, दोपहिया और व्यावसायिक वाहनों पर ओवरलोड, कर, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, और विभिन्न शर्तों के उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की गई।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले पॉडकास्ट की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। अमर उजाला प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– भारतीय वीजा के लिये एक दिन कतार में खड़ी होगी दुनिया।

निकाय चुनाव की ख़बर पर दैनिक जागरण ने लिखा है– बागियों पर भाजपा और कांग्रेस ने चलाया अनुशासन का चाबुक। समाचार पत्र के अनुसार भाजपा ने नवासी बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता।

हाइकोर्ट की सख्ती के बाद खनन में लगीं 124 मशीनें सीज। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार लिखता है– बागेश्वर जिले में खड़िया खनन को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई।

कूड़ा निस्तारण कार्य की प्रगति पर रिपोर्ट तलब। इस ख़बर के साथ दैनिक जागरण ने लिखा है– शीशमबाड़ा में लीगेसी वेस्ट और आर.डी.एफ निस्तारण की देनी होगी दैनिक रिपोर्ट।

टीबी उन्नमूलन के लिये निक्षय मित्र बनें। राज्यपाल की इस अपील पर अमर उजाला की ख़बर है कि राजभवन में राष्ट्रीय टीबी उन्नमूलन कार्यक्रम में 13 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की।